आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- एक राष्ट्र, एक चुनाव, के तहत संविधान संशोधन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश विधि संशोधन विधेयक पर समीक्षा बैठक की गई।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी को युवाओं के लिए एक आदर्श मंच बताया।
- अंडमान निकोबार कमान और भारतीय तटरक्षक बल के संयुक्त प्रयास से दो विदेशी नागरिकों को बचाया गया।
- विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराज द्वीप के कल सुबह 6:00 बजे तक श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है।

<><><><><><><>

एक राष्ट्र, एक चुनाव, पर संयुक्त संसदीय समिति की कल नई दिल्ली में संसद भवन में बैठक हुई। 39 सदस्यीय इस समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल हैं। यह बैठक 129वां संविधान संशोधन विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधि संशोधन विधेयक, 2024 की व्यापक समीक्षा के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता वाली इस समिति ने कानूनी विशेषज्ञों के साथ सलाह–मशविरा किया। बैठक में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर और न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ ने देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर समिति के समक्ष प्रस्तुति दी। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव सहित अन्य लोग बैठक में शामिल हुए। देश में एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा कोई नई बात नहीं है। संविधान को अपनाने के बाद, 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए गए थे।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी को युवाओं के लिए एक आदर्श मंच बताया। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व एनसीसी कैडेट राष्ट्र के मजबूत स्तंभ हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर पूर्व छात्र

संघ की पहली शासी परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनसीसीएए, एनसीसी में नई ऊर्जा का संचार करेगा। एनसीसीएए, पूर्व एनसीसी कैडेटों का एक प्रमुख संगठन है, जिसका उद्देश्य विश्व के सबसे बड़े वर्दीधारी युवा संगठन की विरासत को आगे बढ़ाना है। यह संगठन पूर्व और वर्तमान कैडेटों को एक मंच पर लाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को और सशक्त बनाने का कार्य करता है।

<><><><><><><>

भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने पी एम ई–ड्राइव योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक ट्रकों को प्रोत्साहन देने की कल शुरूआत की। सरकार ने पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रकों के समर्थन के लिए योजना शुरू की है। इसका उद्देश्य देश को स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाना और माल ढुलाई की टिकाऊ आवाजाही में मदद करना है। इलेक्ट्रिक ट्रकों की मजबूती के सिलसिले में निर्माणकर्ता एक व्यापक वॉरंटी प्रदान करेंगे। इसमें बैट्री के लिए पांच साल या पांच लाख किलोमीटर की वॉरंटी शामिल है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत एन 2 और एन 3 श्रेणी के ई–ट्रकों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध है। श्री कुमारस्वामी ने बताया कि योजना के संभावित लाभार्थियों में सीमेंट, बंदरगाह, इस्पात और लॉजिस्टिक क्षेत्रों में ई–ट्रक उपयोगकर्ता शामिल हैं। यह योजना वाहनों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य को हासिल करने के भारत के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कल मेरा युवा भारत की ओर से छोलदारी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय ''जनसंख्या नियंत्रण और जनसांख्यिकीय चुनौतियों से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भूमिका'' था। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोलदारी की चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रिया बिजी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में, उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण में प्रमुख रणनीतियों के रूप में महिला स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और प्रजनन जागरूकता के महत्व पर बल दिया। राष्ट्रीय हिंदू संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र नाथ मधु ने जनसंख्या वृद्धि के प्रबंधन में युवाओं और परिवारों की सामाजिक–सांस्कृतिक ज़िम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। छोलदारी की पंचायत समिति सदस्य चैताली हलदर ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के संबंध में महिलाओं और किशोरियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्तर पर पहल और पंचायतों की सक्रिय भूमिका की आवश्यकता पर बल दिया। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार दत्ता ने मांग और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर बढ़ती

जनसंख्या के प्रभाव पर बात की। माई भारत के उप निदेशक सुखरंजन बिश्वास ने माई भारत के उद्देश्यों और विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व पर जानकारी दी।

<><><><><><>

76वें वन महोत्सव के अवसर पर बाराटांग वन प्रभाग की ओर से युवाओं को प्रकृति के साथ जुड़ने के लिए "एक पेड़ माँ के नाम" थीम पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अलगर स्वामी इस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने इस मैच के विषय में जानकारी दी—

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय और भारतीय तटरक्षक बल ने ग्रेट निकोबार में एक 65 वर्षीय अमेरिकी नागरिक और एक 70 वर्षीय तुर्की नागरिक को बचाया। श्री विजयपुरम स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को चेन्नई स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास से अमेरिकी पंजीकृत नौकायन 'सी एंजेल' के बारे में संदेश प्राप्त हुआ, जो इंजन खराब होने के कारण ग्रेट निकोबार के इंदिरा पॉइंट से लगभग 50 समुद्री मील दक्षिण में फंसी हुई थी। यह नौका 09 जुलाई को श्रीलंका के रास्ते सबांग द्वीप, इंडोनेशिया से रवाना हुई थी। खराब मौसम और तेज़ हवाओं के कारण नौका का मुख्य पाल टूट गया, और पाल की रस्सियाँ प्रोपेलर में उलझ गईं, जिससे इंजन पूरी तरह से फेल हो गया। अंडमान निकोबार कमान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कैंपबेल बे में तैनात भारतीय तटरक्षक जहाज राजवीर को इस अभियान का कार्यभार सौंपा गया। तटरक्षक दल ने अभियान चलाते हुए चालक दल के दो सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया, उन्हें प्रारंभिक चिकित्सा सहायता दी गई। नौका को 11 जुलाई को कैंपबेल बे बंदरगाह पर सुरक्षित पहुँचा दिया गया। ।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने कल फरारगंज तहसील का व्यापक क्षेत्रीय दौरा किया। दौरे के दौरान, ज़िला उपायुक्त ने छोलदारी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025—26 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आगामी सत्र के लिए शैक्षणिक योजना, बुनियादी ढांचे के विकास और समग्र छात्र कल्याण उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके बाद, उपायुक्त ने टुसनाबाद गाँव में अनिडको पेट्रोल आउटलेट के लिए प्रस्तावित स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।

प्रस्तावित पेट्रोल पंप के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उपायुक्त ने अनिडको टीम को सभी आवश्यक सर्वेक्षणों, तकनीकी मूल्यांकनों और दस्तावेज़ीकरण में तेज़ी लाने का निर्देश दिया, ताकि प्रारंभिक औपचारिकताएँ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो जाएँ।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन, विशेषकर स्वास्थ्य विभाग से, बाराटांग के नीलांबुर गाँव के जरावा क्रीक स्थित पुराने उप–केंद्र के प्रस्तावित नवीनीकरण को तत्काल रोकने और आवंटित भूमि पर एक नया उप–केंद्र बनाने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि मौजूदा उप–केंद्र में मरीजों विशेषकर गर्भवती महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पहुँचना कठिन है। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग से सड़क किनारे की ज़मीन पर एक नया अर्ध–आरसीसी उप–केंद्र बनाने की मांग की है, ताकि स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराज द्वीप के कल सुबह 6:00 बजे तक श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है। जहाज में 340 से अधिक यात्री सवार हैं। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से डाइट, गाराचरमा में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए दो वर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन और काउंसलिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। अब 21 जुलाई को सुबह 10 बजे तक कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके अलावा डाइट के सूचना पट्ट पर भी सूची प्रदर्शित किया जाएगा। मानविकी विषय के लिए 23 जुलाई और विज्ञान विषय के लिए 24 जुलाई को काउंसलिंग रखा गया है।

<><><><><><><>

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गांधी नगर में हैपाटाइटीज 'बी' का इंजेक्शन लगाया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड के साथ अपने नाम स्वास्थ्य केन्द्र में दर्ज कराने को कहा गया है।

उधर, एएनएम अनुप्रिया द्वारा वीएचएनडी के तहत बच्चों में ऊंचाई और वजन की जांच की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान ने कल वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर घायलों की निकासी सहित किसी भी हवाई दुर्घटना के लिए प्रतिक्रिया तत्परता का आंकलन करना था। इस अभ्यास में प्रमुख एजेंसियां आई एन एच एस धन्वंतरि, स्वास्थ्य सेवा निदेशक, राज्य आपदा प्रबंधन, जीबी पंत अस्पताल, पिलर अस्पताल, सिविल पुलिस, सीआईएसएफ, एयरलाइन ऑपरेटर और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण जैसे विभागों ने भाग लिया। पूरे अभ्यास की निगरानी कमान और नागरिक प्रशासन के पर्यवेक्षकों द्वारा की गई ताकि मूल्यांकन और प्रतिक्रिया कमियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके।

**<><><><><><><>**